हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 16 सितंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

कायाकल्प का दर्द : रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर नलों से गायब पानी... 4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

### नर्स सहित दंपती गिरफ्तार, बच्ची सकुशल बरामद

# पत्थलगांव अस्पताल से नवजात बच्ची का अवैध गोद कांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जिले के पत्थलगांव अस्पताल से एक नर्स द्वारा नवजात बच्ची को माता-पिता से इलाज के बहाने ले जाकर फर्जी तरीके से कोरबा निवासी एक दंपत्ति को सौंप देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपिया नर्स और दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बच्ची को सकुशल बरामद कर चाइल्ड हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में रखा गया है।

### ऐसे हुई मामले की शुरुआत

पत्थलगांव थाना क्षेत्र के कोडेकेला घरजियाबथान निवासी सुखदेव नाग, 45 वर्ष ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है और वर्तमान में वह दूसरी पत्नी दिलासो बाई के साथ रह रहा है। दिलासो बाई ने 28 अगस्त 2025 को शासकीय अस्पताल पत्थलगांव में एक बच्ची को जन्म दिया। 30 अगस्त को जब अस्पताल से छुट्टी दी गई तब ड्यूटी पर तैनात नर्स अनुपमा टोप्पो 33 वर्ष निवासी गिरांग, थाना सिटी कोतवाली जशपुर, बच्ची को टीका लगाने के बहाने ले गई और माता-पिता को बताया कि बच्ची की हालत गंभीर है तथा बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजना होगा।


पुलिस गिरफ्त में नर्स के साथ बच्चा गोद लेने वाले दंपति।

**फौरन दर्ज हुआ अपराधः** मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पत्थलगांव पुलिस ने अपराध क्रमांक दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 80 और 81 के तहत केस कायम किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश और एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश जायसवाल के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया, गवाहों से पूछताछ की और आरोपी दंपत्ति से गोद लेने के वैध दस्तावेज मांगे। लेकिन उनके पास कोई वैध कागजात नहीं थे।

**बच्ची सकुशल बरामदः** पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर, बच्ची को सकुशल बरामद किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पत्थलगांव अस्पताल से नर्स ने माता-पिता को धोखे में रखकर नवजात बच्ची को कोरबा निवासी दंपत्ति को सौंप दिया था। मामले की रिपोर्ट मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं बच्ची को बरामद कर सुरक्षित केंद्र में रखा गया है।

### तीनों आरोपी गिरफ्तार

जांच में सबूत मिलने पर पुलिस ने नर्स अनुपमा टोप्पो, दंपत्ति निशिकांत मिंज और सुमन वानी मिंज को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। आरोपियों के कब्जे से बच्ची को सकुशल बरामद कर चाइल्ड हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सुरक्षित रखवाया गया है।

### पुलिस की सक्रिय भूमिका

इस कार्रवाई में एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, उपनिरीक्षक संतोष तिवारी, प्रधान आरक्षक मिथलेश यादव और आरक्षक तुलसी रात्रे की अहम भूमिका रही।

### अवैध गोद लेने वाले दंपत्ति थे मौजूद, नर्स का दिया साथ

इसी दौरान अस्पताल में मौजूद कोरबा निवासी दंपत्ति निशिकांत मिंज 43 वर्ष और उनकी पत्नी सुमन वानी मिंज 43 वर्ष ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि वे बच्ची का इलाज कराएंगे और ठीक होने पर लौटा देंगे। इसी बहाने नर्स ने प्रार्थी और उसकी पत्नी से कागजों में दस्तखत भी करा लिए।

### बच्ची के वापस न मिलने पर पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

दिन बीतते गए लेकिन बच्ची वापस नहीं लौटी। जब पिता सुखदेव नाग ने नर्स अनुपमा टोप्पो से बार-बार बच्ची के बारे में पूछा तो वह टालमटोल करने लगी। बाद में गांव के एक व्यक्ति से जानकारी मिली कि बच्ची को निशिकांत और सुमन वानी मिंज को गोद दे दिया गया है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण सुखदेव नाग तत्काल कोरबा नहीं जा सका और उसने पत्थलगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### आरोपी चाहे जो भी बख्शे नही जाएंगे : गोमती

इस पूरे मामले में पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने बयान देते हुए कहा कि यह पूरे अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही है।हॉस्पिटल के अंदर स्टाफ क्या कर रहा है। इस पर प्रबंधन की पैनी नजर होनी चाहिए लेकिन इतनी बड़ी चूक हो जाना अस्पताल प्रबंधन पर बड़ी लापरवाही दर्शाता है,जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है और समय समय पर विभागों का निरीक्षण कर उनके कार्यो की जानकारी के साथ विभागीय ढांचे को टाइट करना चाहिए।उन्होंने कहा कि सभी को ये पता होना चाहिए कि ऐसे मामलों में अपराधी चाहे जो भी हो बिल्कुल बक्शे नही जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व के मामले, साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।

### अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार हेतु 29 तक आवेदन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं में विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से प्रतिवर्ष राज्य अलंकरण समारोह में "वीरांगना" रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है। जिसमें 2 लाख रुपये की सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान की जाती है। वर्ष 2025-26 में "वीरांगना"रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास जशपुर में 26 सितम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है।

### शिविर में 172 श्रमिकों का पंजीयन

**जशपुरनगर।** रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा आज पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर के तहत ग्राम पंचायत बुढाडांड, विकासखंड बगीचा में आयोजित शिविर में पंजीयन हेतु 65 एवं नवीनीकरण हेतु 38 आवेदन प्राप्त हुए। इस तरह कुल 103 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रनपुर शिविर में 69 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविरों का आयोजन 12 सितम्बर से 19 सितम्बर 2025 तक जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसके तहत 16 सितम्बर को ग्राम पंचायत दोकड़ा और बटाईकेला, 17 सितम्बर को ग्राम पंचायत मोडा और हर्राडीपा, 18 सितम्बर को ग्राम पंचायत अम्बाकछार और पण्ड्रीपानी, 19 सितम्बर को ग्राम पंचायत आरा और लोदाम में किया जाएगा।

### मिनी माता सम्मान हेतु 26 तक आवेदन

**जशपुरनगर।** छ.ग. शासन द्वारा विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला व अशासकीय संस्था के योगदान को प्रोत्साहित करने प्रतिवर्ष राज्य अलंकरण समारोह में मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है। जिसमें 2 लाख रूपए की सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। वर्ष 2025-26 में मिनी माता सम्मान के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास जशपुर में 26 सितम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मनाया गया हिन्दी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हिंदी दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां विंध्यवासिनी सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश थे।



हिंदी दिवस मनाते न्यायाधीश व अन्य।

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जनार्दन खरे, जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर तथा डॉ.विजय रक्षित, पूर्व प्राचार्य, महाविद्यालय उपस्थित थे। सर्व प्रथम संस्थान के प्राचार्य डॉ एमजेडयू सिद्दीकी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए हिंदी भाषा के महत्व और उसकी राष्ट्रभाषा के रूप में भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही वनमाली सृजन केंद्र के विगत कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए वन माली जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिंदी साहित्य, व्याकरण एवं भाषा-शुद्धि पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं (निबंध, कविता पाठ, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी) का आयोजन किया गया, जिनमें प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हिंदी की समृद्ध परंपरा, उसके वैज्ञानिक स्वरूप और देश को एकता के सूत्र में पिरोने की उसकी शक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर नगर सत्येन्द्र कुमार साहू ने अपने संबोधन में हिंदी के संवर्धन और के साथ अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी एक शक्तिशाली और समृद्ध भाषा है इसे किसी भी प्रकार का खतरा नहीं है बस आवश्यकता है हम इसे लगातार प्रयोग में लाते रहें। विशिष्ट अतिथियों के तौर पर उपस्थित जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जनार्दन खरे ने हिंदी की महिमा बताते हुए बताया कि आदिकाल से हिंदी विभिन्न स्वरूपों में लगातार विकसित होता रहा है, इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विद्वानों द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन भी सम्माननीय मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया।

## गगन भेदी नारों व आरती के साथ अग्रसेन महोत्सव शुरु

■ अग्रसेन चौक से ध्वज पताका लेकर अग्रसेन भवन तक सैकड़ों अग्र बंधुओं ने किया पैदल मार्च

**पत्थलगांव।** अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज झमाझम बारिश के बीच अग्रसेन चौक पर पंडित भक्ता महाराज द्वारा मंत्रोचार के साथ किया गया। अग्रसेन चौक पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल संभागीय अग्रवाल सभा अध्यक्ष पवन अग्रवाल, अग्रवाल सभा सचिव अनिल मित्तल, पूर्व अग्रवाल सभा अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल द्वारा भगवान अग्रसेन जी की आरती व पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात सैकड़ो की संख्या में अग्र बंधु हाथों में ध्वजा पताका लिए भगवान अग्रसेन जी के गगन भेदी नारे लगाते हुए अग्रसेन भवन पहुंचे। अग्रसेन भवन पहुंचकर कार्यक्रम का उद्घाटन अग्रवाल सभा अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात अग्र बंधुओ ने भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना के साथ आरती की गई। महोत्सव 8 दिनों तक लगातार चलेगा। अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रतियोगिताओं का आगाज मीठास यानी मीठा बनाओ प्रतियोगिता के साथ किया गया। जिसमें दर्जनों प्रतियोगियों ने एक से बढ़कर एक नारियल का मीठा बनाकर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल को निर्णय देने के लिए काफी असमंजस में डाल दिया। मीठा बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना प्रमोद गर्ग, द्वितीय स्थान निधि नरेश सिंघल ,तृतीय स्थान मंजू विष्णु अग्रवाल ,व श्वेता अमित गोयल ने प्राप्त किया। वहीं गणेश बनाओ प्रतियोगिता, बाल हनुमान, गणेश जी बनो प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष दिवाकर अग्रवाल , विष्णु अग्रवाल , सहित अग्रवाल सभा के रामनिवास जिंदल, नरेश सरफ, ब्रह्म प्रकाश अग्रवाल ,भीमराज अग्रवाल ,रामलाल अग्रवाल ,अंजनी मित्तल, विनोद अग्रवाल ,विजय तेल मिल, कृष्ण अग्रवाल ,आशीष अग्रवाल , दिनेश अग्रवाल ,पुरुषोत्तम अग्रवाल ,बिट्टू अग्रवाल, प्रवीण गर्ग , शिशिर अग्रवाल, बंटी एसटीडी ,नवीन गर्ग ,बंटी बालाजी ,मधुसूदन अग्रवाल महिला मंडल के सरोज गर्ग अध्यक्ष सुमन अग्रवाल कोषाध्यक्ष, चंदा गर्ग ललित बंसल सहित पूरी अग्रवाल महिला मंडल मौजूद रही। अग्रवाल नवयुवक समिति के सचिव हर्षित अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष अनमोल राजेश गोयल उपाध्यक्ष विष्णु सुनील मित्तल ,कुशल अतुल अग्रवाल ,कान्हा सुनील अग्रवाल सहसचिव दीपक प्रीतम अग्रवाल श्रेया अशोक गर्ग कोषाध्यक्ष अनमोल राजेश गोयल संयोजक निकेत शंकर अग्रवाल सलाहकार आयुष सतीश गर्ग सदस्य केशव सूरज अग्रवाल अनीता जिंदल मौजूद रही।


ध्वज पताका के साथ अग्र समाज की महिलाएं।

## जशपुर दे रहा सेहत के साथ स्वाद भी, बन रहा मैदा मुक्त हेल्दी पास्ता


मैदा मुक्त पास्ता बनाती महिला कर्मचारी।

**जशपुरनगर।** चुकंदर जिसे अब तक आम लोग सिर्फ सलाद या जूस में इस्तेमाल करते थे, अब उसी चुकुंदर बन रहा है सेहतमंद पास्ता का बेस। जशपुर के युवा वैज्ञानिक की सोच अब हेल्दी फूड की ओर बढ़ रही है। जस प्योर नमक एक स्टार्टअप यूनिट ने चुकंदर और रागी से पास्ता बनाने की अभिनव शुरुआत की है, जो स्वाद में तो ⏭ शेष पेज 4 पर

## नवाचार तरीके से पढ़ाई-खेल कराने वाले शिक्षक ने जीता सबका दिल

कोतबा। एक लोकप्रिय शिक्षक समाज के लिये वरदान है.वे न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं। बल्कि छात्र-छात्राओं को नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक कर्तव्यों के बारे में सिखाते है। ऐसे शिक्षक अपने छात्रों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता हैं।

सामज के लिये बेहतर भविष्य तैयार कर सकता हैं। हम ऐसे ही शिक्षक की बात कह रहें हैं जो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विधानसभा से आते हैं। शिक्षक का नाम महेंद्र बंजारा है। वे फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डोंगादरहा के प्राथमिक शाला में पदस्थ हैं। शिक्षक ने शुरू से कुछ नया करने की पहल की इसकी शुरुआती सफलता भी मिली। लेकिन वह सिमट कर रह गई कारण सोशल मीडिया का नही होना। अब शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को सोशल साईट उपयोग करने की सलाह दी तो शिक्षक ने नवाचार शिक्षा से एक प्रेरणादायक वीडियो पोस्ट की जिसपर महज दो दिनों में इतनी लोकप्रियता बटोरी की 20 लाख से अधिक लोगों ने देखकर खूब सराहना की। वायरल वीडियो से अब शिक्षा जगत से अधिकारियों ने भी शिक्षक की प्रसंसा कर रहे हैं। शिक्षक महेंद्र बंजारा ने बताया कि वे अपने छात्रों को नवाचारी तरीके से पढ़ाई के लिये हमेशा प्रयासरत रहेंगे।



## तपकरा के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण मेले का आयोजन


पोषण मेले में उपस्थित महिलाएं व बच्चे।

■ कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को बाल सुरक्षा पर दी गई जानकारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गम्हरिया सेक्टर के आंगनबाडी केन्द्र तपकरा में पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उपस्थित माता-पिता एवं बच्चो क व्यक्तिगत स्वच्छता, खानपान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के संबंध में जानकारी देने के साथ नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

इस दौरान जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने है या ऐसी गर्भवती माताएं जिनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ है उन्हें आधार निर्माण एवं अपडेट करवाने की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार जिला मुख्यालय जशपुर में स्थित शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और छात्राओं को कानूनी अधिनियम जैसे घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मानव तस्करी, बाल विवाह रोकथाम, सखी वनस्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन नंबर 181 की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व संरक्षण अधिकारी शिखा शर्मा तथा सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवा प्रदाता व केंद्र प्रशासक उपस्थित रहे। एकीकृत बाल विकास परियोजना तपकरा-2 के सेक्टर तपकरा के अंतर्गत आने वाले समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के तहत पोषण मेला का आयोजन किया गया। पोषण मेला कार्यक्रम में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं, 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों एवं उनके अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों पौष्टिक भोजन, स्वच्छता, एनिमिया रोकथाम, डायरिया प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय का उपयोग करने, रेडी टू ईट के विभिन्न व्यंजन बनाने की जानकारी दी गई।

### ग्रामीण के घर पहुंचा था घायल चीतल

## वन अमले की लापरवाही, घायल चीतल को छोड़ दिया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वन मंडल में वन्य प्राणियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। पिछले दिनों एक घायल चीतल को भागकर समीप स्थित ग्रामीण के घर में शरण लेनी पड़ी।

जशपुर वन मंडल के वरिष्ठ अधिकारी के अवकाश पर होने के साथ बगीचा वन परिक्षेत्र में भी अधिकारी नहीं है। वन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण पूरा अमला आराम फरमा रहा है। जंगलों में सतत देखरेख नहीं होने से जंगल के वन्य प्राणियों को शिकारियों से बचने की खातिर इधर उधर भटकते देखा जा रहा है। बगीचा वन परिक्षेत्र के ग्राम कुटमा में शिकारियों के चंगुल से बचने के बाद एक घायल चीतल भागता हुआ एक ग्रामीण के घर जा पहुंचा। इस घायल चीतल की दयनीय स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने इसकी तत्काल वन विभाग विभाग को सूचना दी, जिसके बाद उसे जंगल मे छोड़ दिया गया है। दरअसल, जशपुर वन मंडल में पदस्थ डीएफओ शशि कुमार अवकाश पर हैं, उनका प्रभार सरगुजा के बलरामपुर डीएफओ आलोक बाजपेयी को दिया गया है। बताया जा रहा है कि बगीचा वन परिक्षेत्र में भी वन अधिकारी नहीं हैं। इस वजह यहां वन विभाग के आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। यहां का कुटमा गांव के समीप जंगल से घायल चीतल सुबह सुबह ही आश्रित ग्राम बैगाकोना में भटकते हुए देखा गया था।यह चीतल घायल अवस्था मे जंगल की ओर से बदहवास भागता हुआ टोंकाधर यादव के घर मे घुस आया था। जिसे सरपंच और ग्रामीण सभी ने पकड़ने के बाद वन विभाग को सूचना दे दी गई। ⏭ शेष पेज 4 पर


ग्रामीण के घर से चितल को बांध कर ले जाते।


वन अमला ने चितल को ग्रामीण के घर से लाकर जंगल में लापरवाही पूर्वक छोड़ा।

## खबर संक्षेप

### मोहल्ले के पालतू जानवर ने महिला को काटा, डॉग मालिक पर जुर्म दर्ज

**बिश्रामपुर**। एसईसीएल बिश्रामपुर के माइनर्स कॉलोनी निवासी महिला को दूसरे मोहल्ले में रहने वाले शिवनंदन नाम के पालतू डॉग ने शनिवार को अचानक उसके ऊपर हमला कर काट दिया।माइनर्स कॉलोनी निवासी महिला अफसाना खातून ने बिश्रामपुर थाने में दर्ज कराए शिकायत में बताया कि शनिवार को उसका बेटा खालिद घर के बाहर खेल रहा था,अचानक उसे दूसरे मोहल्ले से आये पालतू डॉग ने दौड़ाया तो वह मां को चीख पुकार कर डर से रोकर भाग रहा था,बच्चे के रोने की आवाज सुन जब वह घर से बाहर निकली तो देखा कि उसके बेटे को शिवनंदन का पालतू कुत्ता दौड़ा रहा है,जब वह हो हल्ला कर अपने बच्चे को बचाने का प्रयास कर रही थी,तभी कुत्ते ने महिला के दाहिने पैर में काट कर घायल कर दिया,इस दौरान भागदौड़ में वह जमीन पर गिर गई,इसके बाद घायल महिला को पड़ोसियों ने उठाया और अस्पताल ले जाकर वैक्सीनेशन कराई है, बाद में महिला ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर उसने डॉग मालिक शिवनंदन के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट की है,प्रार्थीया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### यूरिया की धड़ल्ले से कालाबाजारी कृषि विभाग ने की दुकान सील

अम्बिकापुर। जिले में व्यवसायी यूरिया की खुलेआम कालाबाजारी कर रहे है। आलम यह है कि संचालक नियमों को ताक में रखकर मोटी कमाई के लिए दो से तीन गुने कीमत पर यूरिया बेच रहे है। इस बात का खुलासा होने के बाद कृषि विभाग ने पहली बार जिले में कार्रवाई करते हुए एक दुकान के लाइसेंस को निलंबित कर दिया है इसके साथ ही गोदाम को सील कर यूरिया को जब्त किया गया है। बता दें कि खरीफ सीजन में यूरिया की किल्लत जारी है। समितियों में समय पर यूरिया की सप्लाई नहीं की जा सकी जबकि निजी दुकानों में नियमित रूप से यूरिया की सप्लाई होती रही और इसी का फायदा उठाकर दुकान संचालक किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए 266 रुपए का यूरिया तीन से चार गुना अधिक कीमतों पर बिक्री की गई। जिले में शासन के निर्देश पर संयुक्त संचालक कृषि सरगुजा संभाग यशवंत केराम, कलेक्टर एवं उपसंचालक कृषि अंबिकापुर पिताम्बर सिंह दीवान के मार्गदर्शन में जिले के निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से 40 बोरी से अधिक यूरिया लेने वाले कृषकों का सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जांच के दौरान सुमित अग्रवाल के विजय ट्रेडिंग कम्पनी की जांच की गई। उर्वरक निरीक्षक सोहन लाल भगत एवं अन्य निरीक्षकों द्वारा टॉप 20 खरीदारों के सत्यापन में यह स्पष्ट हुआ कि अम्बिकापुर स्थित मेसर्स विजय ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। कृषकों के बयान एवं निरीक्षकों की अनुशंसा के आधार पर उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) पिताम्बर सिंह दीवान ने कम्पनी की खुदरा उर्वरक विक्रय 31 मार्च 2027 को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया। लाइसेंस निलंबन के बाद कृषि विभाग की टीम ने कम्पनी के संचालक सुमित अग्रवाल की मौजूदगी में दुकान एवं गोदाम को सील कर दिया गया।

### साई कॉलेज में मनाया गया हिन्दी दिवस

**अम्बिकापुर**। श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में आयोजित हिन्दी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कवि श्याम कश्यप बेचैन ने कहा कि उन्होंने युवाओं को हिन्दी के लिए आह्वान करते हुए तुकबंदी की सवैया और छंद सुनाये। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दी की वर्णमाला वैज्ञानिक है और इसमें 53 वर्ण शामिल है। भारतीय भाषाओं की जननी संस्कृत है जो विज्ञान सम्मत है। भाषा की समृद्धि शब्दों के उपयोग और स्थान पर निर्भर है। हिन्दी के पास शब्दों का भंडार पर्याप्त है।शासी निकाय के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि हमें गर्व है कि हम विश्व की तीसरी सबसे अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा परिवार के नागरिक है। हमें हिन्दी को प्रोत्साहित करना चाहिए लेकिन बहुभाषी होना अपनी गुणवत्ता हो बढ़ाता है। उन्होंने हिन्दी के वैश्विक परिवेश से अवगत कराया। कार्यक्रम में रासेयो के नव प्रवेशी स्वयंसेवकों को सेवाभाव और दायित्वों से अवगत कराया गया। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को बी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्याम कश्यप बेचैन को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## अब तक 17 फीसदी अधिक वर्षा

# फिर बदली मानसून द्रोणिका की स्थिति उत्तर छग में हो सकती है छिटपुट बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाड़ी में जल्द कोई ताकतवर सिस्टम नहीं बना तो भविष्य में छिटपुट वर्षा का ही भरोसा रहेगा। इस बार एक सप्ताह पूर्व ही राजस्थान से मानसून वापसी की अनुकूल परिस्थितियां बननी शुरू हो गई है। जिसका असर पूरे देशभर में पड़ने की संभावना है। हालांकि उत्तर छत्तीसगढ़ से मानसून की वापसी अक्टूबर मध्य में होती है। मानसून द्रोणिका की स्थिति में तेज बदलाव आया है फिर भी स्थानीय प्रभाव से प्रायः हर दिन कहीं-कहीं मूसलाधार वर्षा हो रही है।

**खास बात**
- पश्चिम राजस्थान में मानसून वापसी की गतिविधियां प्रारंभ

दो दिन पूर्व डाल्टेनगंज से गुजर रही मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से खिसककर दक्षिण की ओर चली गई है तथा राजनांदगांव से गुजर रही है। मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव आने से उत्तर भारत में वर्षा में कमी आई है तथा उत्तर छत्तीसगढ़ पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। द्रोणिका के प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़, विदर्भ एवं देश के दक्षिणी हिस्से में अच्छी वर्षा हो रही है। खाड़ी में मजबूत सिस्टम बनने के बाद ही अब अच्छी वर्षा होने की संभावना है। हालांकि सरगुजा में अभी भी स्थानीय मौसमी कारक सक्रिय हैं जिसके प्रभाव से प्रायः हर दिन कहीं-कहीं मूसलाधार वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में नमी में कमी आने के साथ ही वर्षा गति धीमी पड़ गई है। मौसम विज्ञानी इसे मानसून की वापसी का संकेत मान रहे है। राजस्थान से 15 सितम्बर से मानसून की वापसी होती है लेकिन इस बार एक सप्ताह पूर्व ही मानसून वापसी की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हो गई है। मानसून वापसी की प्रक्रिया शुरू होने पर हवा में अनियमितता आने के साथ ही वातावरण में तापांतर आने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है तथा पछुआ विक्षोभ की गतिविधियां शुरू होने लगती हैं। मौसमी बदलाव के बीच कई बार खाड़ी में चक्रवाती तूफान बनने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होती हैं तथा अक्टूबर में भारी वर्षा होती है। फिलहाल ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हुई है।



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

**जारी रहेगी छिटपुट वर्षा**

मानसून द्रोणिका सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर खिसक गई है। फिलहाल खाड़ी में कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है। भविष्य में छिटपुट वर्षा का क्रम जारी रहेगा। पश्चिम राजस्थान में मानसून वापसी की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित है।

-**अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी

**अम्बिकापुर में 117 फीसदी वर्षा**

इस बार सरगुजा में औसत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा 15 जून से 13 सितम्बर तक 1428.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मानसून सत्र में अम्बिकापुर में औसत 1220 मिमी वर्षा होती है। इस बार जून में 239.8 मिमी जुलाई में 662.9 मिमी, अगस्त में 374.2 मिमी एवं सितम्बर में अब तक 151.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जुलाई में भारी वर्षा होने के कारण सामान्य से 249.8 मिमी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। माहवार वर्षा की स्थिति को मौसम विज्ञानी सामान्य मान रहे हैं। सितम्बर में अभी एक पखवाड़ा शेष है। शेष बचे दिनों में 50 मिमी से अधिक बारिश होने पर वर्षा का आंकड़ा बढ़ने के साथ ही अम्बिकापुर भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में शामिल हो जाएगा।

**पड़ सकती है कड़ाके की ठंड**

अभी ठंड दूर है लेकिन अभी से मौसम विज्ञानी इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी के अनुसार हर समुद्र का अपना सर्कुलेशन होता है। ला-नीना के प्रभाव से समुद्र की हवाएं बंडी बन जाती है तथा पानी का तापमान कम होने लगता है। ऑस्ट्रेलिया से चलने वाली ठंडी जलधारा की हवाएं वातावरण को प्रभावित करती हैं। अल नीना के प्रभाव से समुद्र का पानी का तापमान बढ़ जाता है जिससे तापमान में वृद्धि होती है। इस बार ला नीना के प्रभाव से अधिक ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है।



## शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ब्लॉक मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की तैयारी शुरू कर दी गई है। दुर्गा उत्सव हेतु समितियों द्वारा भव्य तरीके से पंडाल बनाकर माता की प्रतिमाएं विराजित करने पंडाल की साज सज्जा की जा रही है। शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ होगी और नौ दिनों तक पूजा अर्चना के बाद विजयदशमी के पश्चात समाप्त होगी।

शारदीय नवरात्र में दर्जनभर पूजा पंडालों में विधि-विधान से माता की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। राजपुर गांधी चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाती है। वही राजपुर के स्टेट बैंक के पास नवदुर्गा पूजन समिति द्वारा पंडाल बनाकर दुर्गा पूजा विधि विधान से की जाती है। इसके अलावा ग्राम बरियो दुर्गा पंडाल में भव्य तरीके से दुर्गा माता की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि विधान से पूजा की जाती है यहां पंडाल का भी तैयारी भव्य तरीके से की जा रही है। दुर्गा पूजा को लेकर सभी समितियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है और भव्य रूप से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। विकासखंड के ग्राम कर्रा, परसागुड़ी, नरसिंहपुर, सेवारी, भदार, झींगों, जिगड़ी, सिधमा के साथ ही अन्य स्थानों पर दुर्गा पंडाल स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही नवरात्रि में शक्तिपीठों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। राजपुर के मां महामाया मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, बघिमा में चंद्रघण्टा माता का मंदिर में विशेष रूप से पूजा अर्चना कर अखंड मनोकामना हेतु घृत व तेल की दीप ज्योति की जाती है। बूढ़ाबगीचा में काली माता का मंदिर, ग्राम नवकी में समलाया माता का धूमधाम से पूजा अर्चना की जाती है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत



**रामानुजनगर**। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 में सम्मिलित छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा के आतिथ्य में किया गया, जिसमें जिले स्तर पर कक्षा 5 वीं से 12वीं तक के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेताओं को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। 11 वीं कक्षा में अध्यनरत तीन विद्यार्थी शशि भूषण राजवाड़े को प्रथम, श्रवण सिंह को द्वितीय एवं अविनाश सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह सहित नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी शिक्षक गोपाल सिंह को भी जिले में अपने विद्यालय से अधिक नॉमिनेशन कराने पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति,जीवन मूल्यों,नैतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना है, ताकि वे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकें। साथ ही जिले से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कहा। इस दौरान भोला प्रसाद, शिव शंकर साहू, शिव शंकर कुशवाहा, पवन कुमार गर्ग, अवधेश गोयल, विजय निगम, सुशील निगम, विष्णु प्रसाद प्रजापति, धर्मेंद्र बरेठ सहित शिक्षक,विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।

## रजत जयंती पर इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई संगोष्ठी

**अम्बिकापुर**। विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज में छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष पर शुक्रवार को संगोष्ठी आयोजित कर छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की उपलब्धियों, भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी, खेलकूद, कोडिंग, टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता, राष्ट्रवाद- राष्ट्र निर्माण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता पर कार्यक्रम, साइबर सुरक्षा, छत्तीसगढ़ की लोककला, संस्था के उपलब्धियों, भगवान बिरसामुंडा पर संगोष्ठी, इत्यादि विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.खरे ने कहा कि हिंदी भाषा के विकास की भावना को केवल हिन्दी दिवस तक ही सीमित न कर उसे ओर बढ़ाना है। श्रीमती इंदु मिश्रा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। डॉ.मोहन राव, मामदिकर ने कविता पाठ, लिसा मानिकपुरी ने भाषण एवं नेहा यादव, नागेश साहू ने कविता पाठ किया।



## देर रात तलवार लेकर उत्पात मचाता रहा नशेड़ी युवक

**सीतापुर**। नगर में अपराधियों से पुलिस का खौफ खत्म होता नजर आ रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बीती रात देखने को मिला जब नशे में धुत एक युवक देर रात तक हाथ मे खुली तलवार लिए लोगो को धमकाता घूमता रहा। इस दौरान नशे में धुत युवक लोगों को तलवार का डर दिखाकर धमका भी रहा था। लोगों ने जब उसे पकड़ने की कोशिश की तब वह तलवार लहराते हुए लोगो को डराने लगा। पुलिस ने डायल 112 को मामले की सूचना दी लेकिन टीम मौके पर नहीं पहुंचे। उत्पात मचने के बाद युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। लोगो ने पुलिस की लचर कानून व्यवस्था से शहर में बढ़ती अराजकता एवं गुंडागर्दी को नगर के भविष्य के लिए खतरा बताया है।



- सूचना के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस, लोगों में आक्रोश, कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

विदित हो कि देर रात हाथों में खुली तलवार लिए एक युवक दहशत फैला रहा था। युवक नशे में धुत था और मुख्य मार्ग से आने जाने वालों को तलवार दिखाकर डराने की कोशिश कर रहा था।देर रात युवक के हाथों में खुली तलवार देख लोग काफी दहशत में थे। युवक के डर से लोग रास्ता बदलकर आना जाना कर रहे थे। लोगों को इस बात का डर था कि नशे में धुत युवक कही उन पर हमला न कर दे। इस दौरान कुछ लोगों ने हिम्मत करते हुए उससे तलवार छीनने की भी कोशिश की लेकिन युवक ने तलवार का डर दिखाकर उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया। रात 10 बजे से लेकर 11 बजे तक युवक जयस्तंभ चौक के आसपास आतंक मचाता रहा। वो खुद को ग्राम पेंट का निवासी बता रहा था और कभी मंगरेलगढ़ तो कभी घर जाने की बात कर रहा था। इस बीच थाने में संपर्क साधन के अभाव में लोगो ने डायल 112 को कॉल किया ताकि पुलिस के सहयोग से युवक को पकड़कर उसके पास मौजूद तलवार बरामद किया जा सके लेकिन डायल 112 ने भी निराश किया और दो घंटे बाद भी लोगो को अपेक्षित सहयोग नही मिला। इस दौरान तलवार समेत पकड़े जाने के डर से युवक रात में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। लोगों ने भी युवक के हाथ में तलवार की वजह से पीछा करना उचित नही समझा। रात को हाथों में तलवार लेकर नशेड़ी युवक का बेखौफ शहर में घूमना और इस दौरान पुलिस के हत्थे नही चढ़ना शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। विगत कुछ दिनों से शहर में नशेड़ियों का बढ़ता आतंक और गुंडागर्दी नगरवासियों के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। समय रहते अगर नगर में तेजी से पांव पसारते अराजक तत्वों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में ये शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकते है जिसका खामियाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ेगा।

## शासकीय महाविद्यालय में राज्य स्थापना रजत जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थानों में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें स्थापना दिवस को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ रजत जयंती वर्ष मनाए जाने का निर्णय लिया है,इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में 9 सितंबर को भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मेलन हुआ जिसमें महाविद्यालय से अध्ययन कर चुके सभी छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं से महाविद्यालय के विकास में और क्या बेहतर किया जा सकता है इसके लिए सुझाव मांगा गया था छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की कक्षा प्रारंभ करने के लिए सुझाव दिया,जिस पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अवगत कराया कि लगातार शासन स्तर पर इस विषय पर बातचीत हो रही है,दूसरे दिवस 10 सितंबर को विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मुख्य वक्ता कपिल राजवाड़े प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे जिज्ञासु ने विस्तार से स्थापना से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ के विकास एवं विभिन्न योजनाओं को छात्र-छात्राओं को अवगत कराया, कपिल राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के लिए जनता में समानता समावेशी एवं नवाचार को लाना होगा और भ्रष्टाचार को मिटाना होगा तभी छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर होगा,11 सितंबर को भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता रखा गया जिसमें छात्राओं ने विकसित छत्तीसगढ़ के बारे में अपना विचार साझा किया,संस्था के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डीपी कोरी ने सभी स्वयंसेवकों को अपने मातृ भूमि की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया और कहा कि स्वयंसेवक राज्य के विकास के लिए जितना बन सके अपना योगदान देने का सुझाव दिया।इस दौरान स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी,चार दिन चले छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती वर्ष का 12 सितंबर को संपन्न हुआ,इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय के शिक्षक शैलेश सिंह सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं सदस्य मृदुलता शर्मा नमन रोहिल्ला,ज्ञानेश मुद्गल सहायक प्राध्यापक भौतिकी, रजनी सिंह,साकेत दुबे उपस्थित रहे,कार्यक्रम संचालन निशांत मिन्ज अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र के द्वारा किया गया।




**लोगों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना**

## एनएच 343 की स्थिति फिर से खराब, गड्ढों में फंसकर खराब हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एनएच 343 की स्थिति के बार फिर से खराब हो गई है। बारिश के बाद सड़कों पर बने गड्ढों में लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। गड्ढों के कारण सड़क पर भारी वाहन ब्रेक डाउन हो जा रहे है जिससे एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ठेकेदारों द्वारा सड़क मरम्मत में लापरवाही बरते जाने को लेकर लोगों में आक्रोश है।



बता दें कि अम्बिकापुर से रामानुजगंज के बीच एनएच 343 की हालत बेहद खराब है। 110 किमी सड़क के निर्माण हेतु राशि भी जारी हुई और ठेकेदारों को टेंडर भी जारी कर दिया गया है लेकिन फिलहाल बारिश के कारण सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस बीच एनएच पर भारी वाहनों के आवागमन से बड़े बड़े गड्ढे हो गए है और सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। एनएच विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर गड्ढों को भरा गया लेकिन अधिक बारिश होने पर फिर से सड़कें गड्ढों और दलदल में तब्दील हो जा रही है। बड़ी बात यह है कि एनएच की सड़क नगर के बीच से होकर गुजरती है और राजपुर मुख्य बाजार में पुराना पोस्ट ऑफिस के सामने की हालत तो इतनी बदतर हो गई है कि बीते दिन मुख्य मार्ग पर ट्रक खराब हो गई थी कोई घंटे बाद सुधार के बाद ट्रक हटाया जा सका। इस दौरान एनएच पर रुक रूककर जाम की स्थिति बनती रही। इसके साथ ही अम्बिकापुर से राजपुर, बलरामपुर के बीच कई हिस्सों में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर भरा जाना चाहिए था। मगर इन गड्ढों की मरम्मत में भारी लापरवाही बरती जा रही है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। चार चक्का वाहन चालक और बड़े वाहन अब इस मार्ग पर चलने से कतराने लगे हैं। यहां तक कि कई बसों ने अपना नियमित मार्ग बदल लिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि एम्बुलेंस सेवा भी बाधित हो रही है। मरीजों को अस्पताल ले जाने में देरी हो रही है, जिससे जनजीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य शुरू होने तक मौजूदा सड़क को दुरुस्त रखा जाए।

**कराया जा रहा है मरम्मत**

राजपुरी से पाढ़ी और और बलरामपुर से रामानुजगंज के अलावे बाईपास सड़क का निर्माण होना है। बारिश के कारण सड़क डैमेज हुआ है उसे जल्द ही मरम्मत कर लिया जाएगा। राजपुर शहर का राजपुर एसडीएम और मेरे निगरानी में मरम्मत शनिवार को किया गया है। बीच-बीच में बड़े गड्ढे हो गए हैं उन्हें जल्द से जल्द मरम्मत किया जाएगा।

-**निखिल लकड़ा**, एसडीओ एनएच

## कोल इंडिया कर्मियों के सालाना बोनस भुगतान को लेकर 22 को अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया लिमिटेड व उससे जुड़ी सहायक कंपनियों में बोनस भुगतान को लेकर बड़ा फैसला होने जा रहा है, कंपनी प्रबंधन और विभिन्न श्रमिक संगठनों के बीच 22 सितंबर को अहम बैठक बुलाई गई है, इस बैठक को लेकर कोल सेक्टर में काम करने वाले लाखों कर्मचारियों की निगाहें टिकी हुई हैं, क्योंकि हर साल की तरह इस बार भी बोनस राशि को लेकर खींचतान तेज हो गई है।

गौरतलब है कि वर्ष 2025 के लिए मानकीकरण समिति की बैठक का पत्र जारी कर दिया गया है,बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन तथा कोल इंडिया निदेशक कार्मिक करेंगे, इसमें सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लिमिटेड के निदेशक पीएंडए जी पोतारू के अलावा यूनियनों की ओर से बीएमएस के सुजीत सिंह व पवन कुमार, एचएमएस के शिवकुमार यादव व रियाज अहमद, एटक के रामेंद्र कुमार व हरि सिंह तथा सीटू के डीडी रामानंदन और अराध सिंह बैठक में हिस्सा लेंगे,इन नेताओं ने पहले ही साफ कर दिया है कि वे कर्मचारियों के हितों से कोई समझौता नहीं करेंगे और बोनस की राशि को पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ाने पर ही सहमति जताई जाएगी,अब कोल कर्मचारियों के बीच चर्चा है कि इस बार बोनस को लेकर संघर्ष और भी रोचक होने वाला है, क्योंकि महंगाई, उत्पादन लक्ष्य और मजदूरों की अपेक्षाओं में बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है,कई कर्मचारी संगठन इसे आगामी त्यौहारी सीजन से भी जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि अगर प्रबंधन ने उचित बोनस नहीं दिया,तो इसका असर उत्पादन और श्रमिक मनोबल दोनों पर पड़ेगा। ऐसी स्थिति में 22 सितंबर की यह बैठक कोल इंडिया कर्मचारियों के लिए बेहद अहम साबित होगी,ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में कोयला कामगारों को 93 हजार 750 रुपए बोनस का भुगतान किया गया था, इस वर्ष 2025 में एक लाख रुपए या इससे अधिक की राशि दिए जाने का अनुमान है।



# ओ रोमियो का सामने आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' में नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला लुक खुद शाहिद ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। शाहिद कपूर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया, जिसमें शाहिद काउबॉय हैट पहने हुए हैं और अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें नाना पाटेकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म 'ओ' रोमियो' 14 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफStyle

# कृति
## उड़ती चिड़िया का टैटू गुदवाया

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पहले टैटू की कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। कृति के इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने अपना रिएक्शन शेयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति सेनन ने आज इंस्टाग्राम पर अपने पहले टैटू की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि वह यह काम कभी नहीं करने वाली थीं, लेकिन उन्होंने अपने बाएं पैर में एक उड़ती हुई चिड़िया का टैटू गुदवाया लिया है। इन सभी शानदार तस्वीरों को कृति ने इंस्टाग्राम पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। कृति ने लिखा, 'कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा करूंगी, लेकिन कभी नहीं कहना। बस अभी-अभी टैटू बनवाया है। एक वादा पूरा हुआ। एक अनुस्मारक कि मैं ऊंची उड़ान भर सकती हूं.. सूर्योदय तक।' कृति की इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। 'आगे कृति सेनन ने लिखा, 'उन सभी के लिए जिनकी आंखों में सपने हैं...वह छलांग लगाओ जिससे आप डरते हैं..यह आसान नहीं हो सकता है, लेकिन आपको अपने पंख मिल जाएंगे, आपको अपने लिए मिल जाएगी, आप उड़ना सीख जाएंगे।' आगे कृति ने टैटू मेकर को धन्यवाद भी लिखा। कृति सेनन जल्द ही फिल्म 'तेरे इश्क में' (Tere Ishq Mein) नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल. राय ने किया है। इस फिल्म में दक्षिण सुपरस्टार धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पहली बार एक साथ नजर आएंगे।



हॉलीवुड मसाला



# न्यूयॉर्क फैशन वीक... में लिया हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर चर्चा में हैं। वजह है उनका देसी अंदाज, जिसे वो न्यूयॉर्क फैशन वीक में नहीं भूलीं। उन्होंने सभी को 'नमस्ते' कहकर अभिवादन किया। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। उनके साथ निक जोनस भी थे। प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस ने ना सिर्फ न्यूयॉर्क फैशन वीक इवेंट में हिस्सा लिया, बल्कि कपल गोल्स भी सेट किए। दोनों इवेंट में हर तरफ छा गए। प्रियंका ने यहां भी अपना 'देसीपन' नहीं छोड़ा।




# मनी हाइस्ट से पॉपुलर हुआ बेला चाओ सॉन्ग

**लॉस एंजिल्स।** चार्ली किर्क की हत्या के मामले में अन्य गोली भी मिली, जो इस्तेमाल नहीं हुई, इस पर ही सॉन्ग 'बेला चाओ' लिखा था, यह इटेलियन सॉन्ग विरोध करने के लिए इस्तेमाल होता है। दमन करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कई वर्षों से इस गाने का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताते चलें कि 'बेला चाओ' 19वीं सदी का पॉपुलर इटेलियन सॉन्ग है। साल 2017 में सीरीज 'मनी हाइस्ट' में भी इस गाने को इस्तेमाल किया गया है। एक बैंक से रुपए चोरी करने की कहानी इसमें दिखाई गई थी। लेकिन, इस पैसे का इस्तेमाल चोर, अच्छे कामों के लिए करते हैं। मनी हाइस्ट के अलावा गाना बेला चाओ एक वीडियो गेम फर्स्ट पर्सन शूटर गेम फॉर क्राई 6' में भी सुनने को मिला था। 19वीं सदी में इटली में मजूदरों ने यह गीत सत्ता के विरोध में गाया था।



# लव सोनिया ने की बदलाव की शुरुआत

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया हैंडल पर 2018 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'लव सोनिया' के सात साल पूरे होने का जश्न मनाया। मृणाल ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ मृणाल ने एक खास नोट भी लिखा है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म के बारे में लिखा, ' फिल्म 'लव सोनिया' सिर्फ एक फिल्म नहीं थी। इसने बदलाव की शुरुआत की, एनजीओ को प्रेरित किया और जिंदगियां बचाईं। आज भी लोग इसे देखकर मेरी मदद के लिए आगे आते हैं और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। सोनिया ने मुझे हिम्मत, आवाज और सिनेमा में एक परिवार दिया। इस सफर को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। मैं ऐसी और कहानियां सुनाने की कोशिश करती रहूंगी, जो प्रेरित करें और बदलाव लाएं।'



# तू मेरी मैं तेरा में कार्तिक अनन्या की जोड़ी

**मुंबई।** इस साल का आखिरी दिन मूवी लवर्स के लिए खास रहने वाला है। वजह है कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की मच अवेटेड फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा...', जिसकी रिलीज डेट अब प्रीपोन हो गई है। जहां पहले फिल्म 13 फरवरी 2026 यानी वेलेंटाइन डे पर आने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 31 दिसंबर को रिलीज करने का फैसला किया है। यानी इस फिल्म को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा। । कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जोड़ी इससे पहले फिल्म 'पति पत्नी और वो'में नजर आई थी। उस वक्त भी दर्शकों ने इस फ्रेश पेयरिंग को खूब पसंद किया था। अब यह दोनों फिर से एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। कार्तिक और अनन्या ने फैंस के साथ पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी।

टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो : सीजन के आखिरी एपिसोड में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने इस सीजन के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा होस्टेड इस टॉक शो के पिछले दो सीजन में 13-13 एपिसोड रहे थे, लेकिन तीसरे सीजन में मेकर्स ने 14 एपिसोड रखे हैं और आखिरी एपिसोड अगले शनिवार को नेटफ्लिक्स पर रात 8 बजे प्रसारित किया जाएगा। आखिरी एपिसोड में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार बतौर मेहमान नजर आएंगे और सामने जज की कुर्सी पर विराजमान होंगे नवजोत सिंह सिद्धू। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के आखिरी एपिसोड में जमकर मौज-मस्ती होने वाली है और मेकर्स एक बड़ा ट्विस्ट लेकर आने वाले हैं जो इस सीजन को बाय-बाय कहना और भी मुश्किल बना देगा। अक्षय कुमार अपनी फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को प्रमोट करने के लिए शो पर पहुंचेंगे। कपिल और अक्षय की जोड़ी काफी फनी है और हर बार की तरह इस सीजन में भी अक्षय कुमार जब स्टेज पर होंगे तो वही होस्ट की पोजिशन संभालेंगे। इतना ही नहीं सीजन के आखिरी एपिसोड में होस्ट अक्षय होंगे और मेहमान सभी कॉमेडियन्स। यानि अक्षय कुमार कृष्णा अभिषेक, किकू शारदा और सुनील ग्रोवर के साथ कई सारे गेम्स खेलेंगे और खूब सारे सवाल भी पूछेंगे। कॉमेडियन्स के लिए जहां यह थोड़ा मुश्किल होने वाला है, वहीं दर्शकों को लिए इस एपिसोड में ढेर सारा फन होगा।

## अभिषेक-शहबाज में हुआ झगड़ा, हाथापाई तक पहुंची बात

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 में बीती रात दो खिलाड़ियों ने गुस्से में हद पार कर दी। अभिषेक बजाज और शहबाज बदेशा के बीच हाथापाई हो गई। शो के इस सीजन का यह अभी तक का सबसे बड़ा झगड़ा है जिस पर माना जा रहा है कि बिग बॉस कुछ सख्त एक्शन लेंगे। किचन में अमाल मलिक और कुनिका के बीच बहस से शुरू हुआ यह मुद्दा देखते ही देखते इतना तूल पकड़ गया कि इसमें अभिषेक और



शहबाज भी शामिल हो गए और फिर बात हाथापाई तक पहुंच गई। अभिषेक बजाज और अमाल मलिक बीती रात कुनिका के साथ बहस कर रहे थे, जिसमें सीनियर एक्ट्रेस ने कहा- रिस्पेक्ट मत करो अगर दिल में ना हो। इस पर अभिषेक ने जवाब दिया कि रिस्पेक्ट कमानी होती है। जहां अमाल मलिक को अभिषेक बजाज सपोर्ट कर रहे थे, वहीं कुनिका का बचाव करने के लिए शहबाज बदेशा आगे आ गए। शहबाज ने कहा कि दिन में तुम हलवा मांगते हो उनसे खाने को और अब ऐसी बातें।

# बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगे अक्षय और परेश 19 सितंबर को इन तीन फिल्मों का होगा क्लैश

**मुंबई।** 19 सिंतबर को बॉक्स ऑफिस पर तीन बॉलीवुड फिल्मों का क्लैश देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3, परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी और अनुराग कश्यप की फिल्म निशानची का नाम शामिल है। इस बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर परेश रावल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सब अपने ही लोग हैं।

***क्लैश को लेकर क्या बोले परेश रावल :*** परेश रावल ने क्लैश को लेकर बात करते हुए कहा, 'सब हमारे ही लोग हैं, सबकी पिक्चर चले।' परेश रावल की बात करें तो वो अक्षय कुमार के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। वो हेरा फेरी 3 में भी अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के साथ नजर आएंगे। वहीं, परेश रावल अनुराग कश्यप द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म नो स्मोकिंग में भी अहम किरदार निभा चुके हैं।

***अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी :*** परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी की बात करें तो ये फिल्म रविंद्र गौतम ने डायरेक्ट की है। यह फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म में परेश रावल महंत अवैद्यनाथ का किरदार निभाएंगे।


***जॉली एलअलबी 3 :*** जॉली एलएलबी 3 की बात करें तो इस फिल्म में अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला अहम किरदार में नजर आएंगे। फिल्म को सुभाष कपूर ने डायरेक्ट किया है।




***निशानची :*** निशानची की बात करें तो ये फिल्म अनुराग कश्यप में डायरेक्ट की है। यह फिल्म दो जुड़वा भाइयों की कहानी होगी। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे डबल रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म ऐश्वर्य की डेब्यू फिल्म होगी।

# 15 साल के जोनस कोनर की गायकी के कायल हुए सलमान

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' से तो चर्चा में हैं ही। हाल ही में वो अपनी सोशल मीडिया पोस्ट से नेटिजंस का ध्यान खींच रहे हैं। इस पोस्ट में उन्होंने 15 साल के गायक जोनस कोनर को एक खूबसूरत अंदाज में बधाई दी है। साथ ही उन्होंने जोनस के कुछ गानों का भी जिक्र किया और उन्हें लोगों से प्रोस्ताहित करने के लिए कहा है। सलमान ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर जोनस कोनर की तस्वीर साझा की है। इस पोस्ट में उन्होंने जोनस के तीन गानों का भी जिक्र किया है। अभिनेता ने ट्वीट में लिखा, 'मैंने कभी किसी 15 साल के बच्चे को अपने दर्द को इतनी खूबसूरत तरीके से बयां करते नहीं देखा। भगवान तुम्हारा भला करे जोनस कोनर। बार-बार सुन रहा हूं, फादर इन ए बाइबल, पीस विथ पेन, ओह अप्पालाचिया। आगे उन्होंने कहा,ऐसे बच्चों को ना सपोर्ट किया तो फिर क्या किया। भाइयों और बहनो ये अंग्रेजी में हैं, यहां पर भी ऐसे बहुत हैं। उन्हें प्रोत्साहित करो शोषण नहीं। सलमान खान बैटल ऑफ गलवां फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चकुी है। आपको बताते चलें कि यह फिल्म साल 2020 में भारत-चीन सरहद पर हुई झड़प पर आधारित होगी। इस झड़प में भारत के 20 सिपाही शहीद हो गए थे।*



## कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर फिल्मों का शुरू किया नया दौर

# नागिन से लेकर हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर रहे राजकुमार कोहली

*नई दिल्ली। राजकुमार कोहली हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्माता-निर्देशक थे, जिन्होंने 1970 और 80 के दशक में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। उनकी फिल्में जैसे नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग और नौकर बीवी का ने उन्हें बहुत प्रसिद्धि दिलाई। राजकुमार कोहली ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का नया दौर शुरू किया। सेट पर उनके किस्से उनकी मेहनत और जुनून को दर्शाते हैं। वे बॉलीवुड के एक ऐसे सितारे थे, जिनकी चमक आज भी फिल्म प्रेमियों के दिलों में बरकरार है।*



### पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की

राजकुमार कोहली का जन्म लाहौर (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता भी फिल्म निर्माता थे, जिससे उन्हें बचपन से ही फिल्मों का शौक था। उन्होंने पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की। निशि के साथ उनकी मुलाकात 1963 में फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर हुई थी, जहां दोनों का प्यार परवान चढ़ा। उनके दो बेटे हैं - अरमान कोहली, जो एक अभिनेता हैं और रियलिटी शो बिग बॉस में नजर आए, और रजनीश कोहली।

### निशि के साथ रोमांस

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर राजकुमार और निशि की लव स्टोरी शुरू हुई। सेट पर निशि की सादगी और मेहनत ने राजकुमार को प्रभावित किया। दोनों की जोड़ी सेट पर चर्चा का विषय बन गई थी। राजकुमार कोहली सेट पर बहुत अनुशासित थे, लेकिन अपने कलाकारों और क्रू के साथ दोस्ताना व्यवहार रखते थे। अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बार कहा था कि कोहली सेट पर सख्ती से काम करवाते थे, लेकिन शूटिंग के बाद सबके साथ चाय पीते और मजेदार कहानियां सुनाते थे।

### निर्देशन में बनी फिल्में

राजकुमार कोहली एक मशहूर भारतीय फिल्म निर्देशक और निर्माता थे, जिन्होंने बॉलीवुड को कई यादगार फिल्में दीं। उन्होंने 1960 के दशक से फिल्म निर्माण शुरू किया और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों के लिए जाने गए। उनकी कुछ प्रमुख फिल्में हैं। इस लिस्ट में दुल्ला भट्टी, लुटेरा, नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग, नौकर बीवी का, राज तिलक, बीस साल बाद और उनकी आखिरी फिल्म जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी शामिल है।

***निधन :*** *राजकुमार कोहली का 93 साल की उम्र में निधन हो गया था। 24 नवंबर 2023 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ था। राजकुमार कोहली की प्रेयर मीट में कई बॉलीवुड स्टार्स शामिल हुए थे।*

### सपनी से की कॅरियर की शुरुआत

राजकुमार कोहली ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1963 में फिल्म 'सपनी' से की थी। उनकी पहली बड़ी सफलता 1966 में दुल्ला भट्टी और 1970 में लुटेरा से मिली। लेकिन, असली पहचान उन्हें 1976 में फिल्म 'नागिन' से मिली, जो उस समय की सुपरहिट फिल्म थी। उन्होंने बॉलीवुड में मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का चलन शुरू किया। उनकी फिल्मों में सुनील दत्त, धर्मेंद्र, जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय और रेखा जैसे बड़े सितारे शामिल थे। उनकी आखिरी फिल्म 2002 में 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' थी, जिसमें अक्षय कुमार, अरमान कोहली और सुनील शेट्टी जैसे सितारे थे।

### नागिन फिल्म का जादू

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन की शूटिंग के दौरान सांपों को लेकर सेट पर काफी डर का माहौल था। अभिनेत्री रीना रॉय ने एक इंटरव्यू में बताया था कि असली सांपों के साथ शूट करना आसान नहीं था, लेकिन राजकुमार कोहली ने सबको हिम्मत दी और सीन को बेहद खास बनाया। उनकी हॉरर फिल्मों में तकनीक का कमाल और कहानी का रोमांच दर्शकों को खूब पसंद आया।

### मल्टी-स्टारर का मैनेजमेंट

राजकुमार कोहली मल्टी-स्टारर फिल्में बनाने में माहिर थे। सेट पर कई बड़े सितारों को एक साथ संभालना आसान नहीं होता था, लेकिन वे अपनी हंसी-मजाक और दोस्ताना व्यवहार से माहौल को हल्का रखते थे।

## खबर संक्षेप



### फरसाबहार के केन्दूटोली पारा में लौटी रोशनी

**जशपुरनगर।** विकासखंड फरसाबहार के ग्राम हेटघीचा पारा केन्दूटोली के ग्रामीणों ने बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या सीएम कैंप कार्यालय बगिया के समक्ष रखी। कैंप कार्यालय ने तत्काल विद्युत बहाल करने के लिए विभाग को निर्देशित किया। विभाग ने त्वरित कार्यवाही कर वहां पर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया, जिससे पूरा गांव रोशन हो गया। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### जिले में अब तक 9754.5 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 9754.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 15 सितम्बर तक की स्थिति में 9498.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 44.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1115.8 मिमी, मनोरा में 1229.7 मिमी, कुनकुरी में 1337.0 मिमी, दुलदुला में 605.9 मिमी, फरसाबहार में 759.7 मिमी, बगीचा में 1056.4 मिमी, कांसाबेल में 897.3 मिमी, पत्थलगांव में 890.6 मिमी, सन्ना में 1050.2 मिमी एवं बागबहार में 711.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### पुसौर में ज्यादातर रजिस्ट्री शहरी क्षेत्र की

**पुसौर।** जनपद कार्यालय के पीछे स्थापित पुसौर रजिस्ट्री कार्यालय में स्थापना दिवस से अब तक लगभग 150 से अधिक रजिस्ट्री कार्य संपन्न होने की जानकारी सामने आई है। यहां कुल तीन कर्मचारी पदस्थ हैं, जिनमें एक उप पंजीयक शामिल हैं। पूर्व में भूस्वामी और खरीददार सीधे दस्तावेज लेकर रजिस्ट्री करा लेते थे, लेकिन अब यह प्रक्रिया बदल चुकी है। अब जिस भूमि की रजिस्ट्री होती है उसका जियो टेक अनिवार्य रूप से किया जाता है। उसकी पुष्टि और लेन-देन के सत्यापन के बाद ही रजिस्ट्री कार्य संभव हो पाता है।

## रायगढ़ स्टेशन पर यात्रियों की नहीं बुझ रही प्यास, भटक रहे रेलयात्री

# कायाकल्प का दर्द : रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर नलों से गायब पानी, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर ज़ोन का प्रमुख रेलवे स्टेशन रायगढ़ इन दिनों कायाकल्प योजना के अंतर्गत बड़े बदलावों से गुजर रहा है। स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए प्लेटफॉर्म और यात्री सुविधाओं का तेजी से काम चल रहा है। रेलवे प्रशासन का दावा है कि काम पूरा होने के बाद यह स्टेशन यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा। लेकिन इन निर्माण कार्यों के बीच फिलहाल यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे बड़ी समस्या प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर कई नलों मे पानी की कमी की है। यहाँ न तो नल काम कर रहे हैं और न ही वाटर कूलर, जिसकी वजह से यात्री परेशान हैं। यात्रियों को पीने के लिए पानी की बुनियादी सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। नतीजतन, लोगों को मजबूरी में बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। जिन यात्रियों के पास अतिरिक्त पैसे नहीं होते, वे कई बार पूरा सफर प्यासे ही करने को मजबूर हो जाते हैं। रेलवे के काम की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अगर कोई यात्री पानी भरने के लिए प्लेटफॉर्म बदलता है तो ट्रेन छूटने का डर बना रहता है। इस वजह से हादसे की संभावना भी बढ़ जाती है।



निर्माण कार्य के चलते फिलहाल पानी की सुविधा प्रभावित हुई है। 16 सितंबर तक काम पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद पानी की सप्लाई सामान्य हो जाएगी। हालांकि कुछ नलों पर पानी की व्यवस्था पहले से ही शुरू कर दी गई है और जैसे ही सभी चार लाइन का काम पूरा होगा, प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध होने लगेगा।

**विजय कोरी, कामर्शियल इस्पेक्टर**

### भविष्य में ठीक होगा लेकिन वर्तमान से जूझ रहे यात्री

रायगढ़ रेलवे स्टेशन आने वाले दिनों में आधुनिक स्वरूप में यात्रियों के सामने होगा। लेकिन फिलहाल स्थिति अव्यवस्था और परेशानियों से भरी हुई है। प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर पानी की किल्लत यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। यदि रेलवे प्रशासन ने समय रहते अस्थायी कदम नहीं उठाए तो यह समस्या यात्रियों के लिए न केवल असुविधा बल्कि हादसे का कारण भी बन सकती है।

### नलों मे सुख रहे कपड़े

प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 की हालत यह हो गई है कि जहाँ कभी यात्री लाइन लगाकर पानी पीते थे, वहीं अब सूखे पड़े नलों पर लोग कपड़े टांगकर सुखा रहे हैं। पानी की सप्लाई बंद होने से यात्रियों को प्यासा रहना पड़ रहा है और मजबूरी में उन्हें बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। रायगढ़ रेलवे स्टेशन से हर दिन कई यात्री अलग-अलग दिशाओं में सफर करते हैं। यह स्टेशन न केवल स्थानीय यात्रियों बल्कि आसपास के इलाकों के लोगों के लिए भी एक प्रमुख केंद्र है। मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और भुवनेश्वर जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के अलावा यहाँ से दैनिक यात्री गाड़ियाँ भी चलती हैं। ऐसे में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का न होना यात्रियों के लिए और भी बड़ी समस्या है।

### कायाकल्प के चलते ठप हुई रेलवे स्टेशन में सुविधा

कायाकल्प योजना के तहत रायगढ़ स्टेशन पर वेटिंग रूम, शौचालय, लिफ्ट और अन्य आधुनिक सुविधाएँ बनाई जानी हैं। रेलवे का कहना है कि काम पूरा होने के बाद यह स्टेशन यात्रियों के लिए और भी सुविधाजनक बन जाएगा। लेकिन वर्तमान स्थिति में निर्माण कार्यों के चलते यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। प्लेटफॉर्म पर गंदगी और अव्यवस्था बढ़ी है। पानी जैसी बुनियादी सुविधा पूरी तरह ठप हो गई है।

### यात्रियों की परेशानी और सुरक्षा पर खतरा

पानी की समस्या सबसे गंभीर है। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद कठिन है। कई यात्री बताते हैं कि जब ट्रेन का समय नज़दीक होता है और वे पानी की तलाश में प्लेटफॉर्म बदलते हैं तो उन्हें ट्रेन छूटने का डर सताता है। जल्दबाज़ी में यात्री दौड़ते हैं, जिससे हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है। रोज़ाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए हर दिन पानी खरीदना संभव नहीं है। पहले प्लेटफॉर्म पर नल और कूलर से आसानी से पानी मिल जाता था, लेकिन अब हालत बहुत खराब है। असुविधा झेलने के बावजूद उन्हें मजबूरन सफर करना पड़ रहा है।



# एनएचएम कर्मचारियों का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी, स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की हड़ताल 29वें दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई हैं। सरकारी अस्पतालों में आवश्यक सेवाएं ठप होने से मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा है। यह आम जनता के लिए आर्थिक रूप से भारी और असुविधाजनक साबित हो रहा है। एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री संपूर्ण राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को अत्याधुनिक बनाने की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों की लंबी हड़ताल ने स्वास्थ्य विभाग की बदहाली को उजागर कर दिया है। स्थिति यह है कि शासन की चुप्पी अब जनता और कर्मचारियों दोनों के लिए चिंता का विषय बन चुकी है।

### मुख्यमंत्री व जिपं अध्यक्ष से पदाधिकारियों ने की मुलाकात

शनिवार को जशपुर प्रवास पर आए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से एनएचएम संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को रखा। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा और इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में संघ ने जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय से भी भेंट की। उन्होंने भी कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि वे स्वयं मुख्यमंत्री से बात कर सार्थक पहल करेंगे।

**अभी भी इंतज़ार में कर्मचारी-** संघ पदाधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री से हुई चर्चा सकारात्मक रही, लेकिन अब सभी कर्मचारी इस इंतजार में हैं कि क्या उनकी मांगों को लिखित आदेशों के जरिए पूरा किया जाएगा या नहीं। तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

# नेशनल लोक अदालत में 6.81 लाख प्रकरणों का निराकरण

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 को रायगढ़ जिले में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन ने जिला न्यायालय परिसर स्थित सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी, पक्षकार एवं पैरालीगल वालंटियर्स मौजूद रहे। जिला एवं तहसील न्यायालयों, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम एवं राजस्व न्यायालयों में 27 खण्डपीठों का गठन किया गया। इनके समक्ष कुल 7,01,628 प्रकरण रखे गए, जिनमें से 6,81,568 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किया गया। इस प्रक्रिया में लगभग 93 करोड़ 02 लाख 32 हजार 24 रुपये का सेटलमेंट हुआ।

- 93 करोड़ से अधिक का हुआ सेटलमेंट, जमीन विवाद का भी समाधान

### जमीन विवाद का निपटारा

इस लोक अदालत के दौरान धरमजयगढ़ में एक महत्वपूर्ण जमीन विवाद का भी सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ। सी.आई.एस. प्रकरण क्रमांक 254/2024 राज्य विरुद्ध विष्णु राठिया व अन्य में पक्षकारों ने राजीनामा आवेदन प्रस्तुत कर आपसी सहमति से विवाद का निपटारा किया। न्यायालय ने 13 सितम्बर को प्रकरण का निराकरण कर मामला समाप्त किया। यह प्रकरण तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ की अध्यक्ष प्रिया रजक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ और लोक अदालत की सफल कहानियों में एक मिसाल बन गया।

## घरघोड़ा न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को घरघोड़ा न्यायालय में किया गया। इस दौरान 549 नियमित प्रकरण और 3,60,316 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निपटारा हुआ, जिससे लाभार्थियों को 59.91 करोड़ की राशि मिली। विशेष रूप से दंपत्ति विवाद के एक मामले में पति-पत्नी को समझाईश देकर राजीनामा कराया गया और वे पुनः साथ रहने तैयार हुए। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। आयोजन में अधिवक्ता, कर्मचारी व पैरा लीगल वॉलिंटियर की अहम भागीदारी रही।

# पुसौर तहसील में थोक में निलंबन और तबादले, कामकाज ठप

**पुसौर।** पुसौर तहसील में पिछले एक-दो महीनों से प्रशासनिक उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। पहले यहां पदस्थ तहसीलदार निलंबित हुए, फिर नवपदस्थ तहसीलदार को भी सस्पेंड कर दिया गया। इसके अलावा दो रीडरों का निलंबन और दो लिपिकों के तबादले ने तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है।

कार्यालय में पहले से ही स्टाफ की भारी कमी रही है। स्वीकृत पदों में 4 प्यून, 1 मालजमादार और 1 चौकीदार के विरुद्ध मात्र 1 प्यून पदस्थ है। तहसीलदार न्यायालय में एक कनिष्ठ लिपिक ही कार्यरत है, जबकि वरिष्ठ रीडर का पद रिक्त पड़ा है। नायब तहसीलदार न्यायालय शाखा में स्टाफ तो है लेकिन बरसात के मौसम में कार्यालय की छत से पानी टपकने से कामकाज प्रभावित होता है। जानकारी के अनुसार, भुइयां शाखा के लिपिक सहित कई कर्मचारियों का तबादला हो चुका है। वर्तमान में आवक-जावक शाखा का कार्य राठौर ही पिछले 10 वर्षों से अकेले संभाल रहे हैं। किसानों के धान पंजीयन का कार्य अगले महीने शुरू होना है। लेकिन स्टाफ की कमी से यह प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है, जिससे किसानों को गंभीर परेशानी उठानी पड़ सकती है।




- स्टाफ की भारी कमी से किसानों और आम जनता को हो रही परेशानी

### कार्रवाई के पीछे उठ रहा सवाल

स्थानीय लोगों में यह चर्चा है कि आखिरकार इतनी बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई क्यों हुई? क्या केवल आंगनबाड़ी भवन तोड़ने के कारण सस्पेंशन किया गया या इसके पीछे कोई बड़ा मामला है। सूत्रों का कहना है कि वर्षों से यहां दस्तावेज हेरफेर का खेल चलता आ रहा है, जिसमें मनमाने लाभ लेकर काम निपटाए जाते रहे हैं।

### सुविधाओं का अभाव बरकार

कार्यालय भवन में शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। न कंप्यूटर डेटा बचाने के लिए इन्वर्टर है और न ही दस्तावेज तैयार करने वाली मशीनें ठीक हालत में हैं। इन सबके चलते यहां आने वाले आम नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन को जल्द ही ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि कामकाज पटरी पर लौट सके।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जशपुर दे रहा सेहत ...

लाजवाब होने के साथ साथ सेहत के लिए भी बेमिसाल होने जा रही है। जश प्योर संस्थापक संचालक समर्थ जैन का कहना हैं कि बाजार में बिकने वाला पास्ता मैदा का बना होता है। मैदा वाले पास्ता को लंबे समय तक खाने से मोटापा, शुगर और पेट की कई परेशानियां हो सकती हैं, क्योंकि मैदा में फाइबर नहीं होता जिससे पचाने में लंबा समय लगता है। लेकिन चुकंदर और रागी से बने पास्ता में मैदा की मात्र नहीं होती है। ये पास्ता पूरी तरह से प्राकृतिक खाद्य पदार्थों से बना है। पास्ता बनाने में जिन वस्तुओं का उपयोग हो रहा है, वे खुद में सुपरफूड माने जाते हैं। चुकुंदर आयरन से भरपूर होता है, जो शरीर में खून की कमी दूर करता है। रागी (मड़आ) में कैल्शियम और फाइबर है, जो हड्डियों को मजबूत करता है और पेट साफ रखता है। जशपुर में बनी इस हेल्दी पास्ता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें उपयोग होने वाली वस्तुएं स्थानीय किसानों से ली जाती हैं। जिससे यहां के किसानों को सीधा फायदा मिल रहा है, वहीं जशपुर की फसल अब शहरों की थाली तक पहुंच रही है। समर्थ जैन का कहना हैं कि अब वह सही समय आ गया है जब लोगों को मैदे और कैमिकल वाले फूड से अलग देसी और स्वास्थवर्धक विकल्प की तरफ जाना होगा। उनकी अगली योजना बाजरा और ज्वार से बने स्नैक्स है, जो बच्चे बुजुर्ग एवं जवान सभी के लिए बेहतर पसंद होंगे, जिसपर पर कार्य चल रहा है। चुकंदर और रागी से तैयार। स्वादिष्ट और हेल्दी। किसानों को मिल रहा फायदा। स्थानीय स्तर पर रोजगार का निर्माण। जश प्योर संस्थापक संचालक समर्थ जैन ने कहा कि हम चाहते हैं कि हेल्दी फूड मॉडल को देशभर में पहचान मिले

### वन अमले की ...

ग्रामीणों ने बताया इन सबमें विचित्र बात यह रही कि वन विभाग के सम्बंधित कर्मचारी पहुंचे और बिना प्राथमिक चिकित्सा के ही उसे फिर जंगल में छोड़ दिया गया, जिसको लेकर लोग यह आशंकित है कि इस प्रकार घायल अवस्था मे ही चीतल को जंगल छोड़ देने से कितने दिन जी पायेगा।

# कोकिया नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल, दर्जनों गांवों को मिलेगा लाभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ने जिले के लिए एक और बड़ी सौगात दी है। भालूमुंडा से खेजूरघाट मार्ग पर कोकिया नदी पर लगभग 3 करोड़ 32 लाख की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पूर्ण होने के पश्चात अब शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू जायेगा। क्षेत्र वासियों ने इस कार्य की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

इस पुल के बनने से फरसाबहार ब्लॉक के कोरंगामाल, भालूमुंडा, पेटामेरा, अंकिरा, खरीबहार, जुड़वाइन, सागजोर, परेवाआरा समेत दर्जनों गांव सीधे ओडिशा राज्य से जुड़ जाएंगे। वहीं रेडेघाट, सोनाजोरी, बनखेता, माटीहेजा जैसे गांव भी विकासखंड मुख्यालय से जुड़कर तेज़ी से विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में कोकिया नदी पार करना हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। अक्सर पानी बढ़ जाने से आवाजाही रुक जाती थी, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और कामकाजी



लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पुल बनने से यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और ग्रामीणों को सुरक्षित व सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। साथ ही विकासखंड मुख्यालय एवं ओडिसा राज्य की ओर आवागमन के लिए दूरी कम हो जाएगी।

# जंगली हाथी से युवक की बचाई जान, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वनमंडल धरमजयगढ़ के अंतर्गत छाल परिक्षेत्र में तैनात हाथी मित्रदल एवं वनकर्मियों ने अपनी तत्परता और साहस का परिचय देते हुए एक ग्रामीण युवक की जान बचाई। यह युवक जंगली हाथियों के झुंड से आमने-सामने आ गया था और उसकी जान पर बन आई थी।

- धरमजयगढ़ में हाथी मित्रदल की बहादुरी

वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ से मिली जानकारी के अनुसार, 12 सितम्बर की रात हाथी मित्रदल एवं वनकर्मी एडूकला गांव से लोटान होकर गश्ती कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि घरघोड़ा परिक्षेत्र की ओर से 48 हाथियों का झुंड देउरमार में



प्रवेश कर रहा है। सूचना मिलते ही दल तत्काल मौके पर पहुँचा। गाँव के लोग शोरगुल मचाकर हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहे थे। तभी अचानक झुंड में से एक उग्र नर हाथी ग्रामीणों की ओर दौड़ पड़ा। अफरा-तफरी के बीच पवन कुमार राठिया (21 वर्ष) निवासी देउरमार जमीन पर गिर पड़े और हाथी उनके बेहद करीब पहुँच गया। तभी हाथी मित्रदल ने बहादुरी दिखाते हुए वाहन का हूटर बजाकर हाथी का ध्यान भटकाया और उसे जंगल की ओर खदेड़ दिया। इसके बाद घायल युवक को शासकीय वाहन से रात लगभग 1 बजे पीएचसी छाल पहुँचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद 13 सितम्बर की सुबह उन्हें बेहतर इलाज के लिए खरसिया रेफर किया गया।

### ग्रामीणों को चेतावनी

वन विभाग और हाथी मित्रदल लगातार ग्रामीणों से अपील कर रहे हैं कि हाथियों के नज़दीक न जाएँ और शोरगुल कर उन्हें भगाने की कोशिश न करें। हाथी मित्रदल ग्रामीणों को समय-समय पर जंगली हाथियों की गतिविधियों की जानकारी भी उपलब्ध कराता है।

## हमालपारा में बिजली विभाग की लापरवाही उपभोक्ता बेहाल

**खरसिया।** हमालपारा क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से बिजली की अंधेरगर्दी ने उपभोक्ताओं को परेशान कर रखा है। विद्युत मंडल की लापरवाही के कारण यहां के उद्योगों और घरों में लगे मोटर कभी उल्टे तो कभी सीधे चल रहे हैं। सबमर्सिबल पंपों का भी यही हाल है, जिससे पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। उपभोक्ता दिनभर बिजली सप्लाई को सीधा करवाने के लिए मिस्त्री बुलाने को मजबूर हैं। स्थिति यह है कि जैसे ही उद्योगों का कामकाज शुरू होता है, तुरंत पता चलता है कि मोटर उल्टी दिशा में चल रही है। मजबूरी में काम रोककर मैकेनिक बुलाना पड़ता है। यही प्रक्रिया दिन में दो से तीन बार दोहरानी पड़ रही है। इससे न केवल उत्पादन प्रभावित हो रहा है बल्कि उपभोक्ताओं का कीमती समय और पैसा भी बर्बाद हो रहा है।

## हाफ मर्डर के गिरफ्तार आरोपी को भेजा जेल

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की गंभीर घटना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रार्थी सुमित राठौर पिता प्रेमशंकर राठौर (26) बांकीमोंगरा, जिला कोरबा का रहने वाला है। वर्तमान में वह ग्राम बोजिया में किराए के मकान मे रहता है और इनमोबिल कंपनी हैदराबाद में सुपरवाइजर है और बरभौना स्थित बालाजी ऑफिस का कार्य देखता है। 11 सितंबर की शाम वह अपने टीम लीडर सुनील श्रीवास के साथ मोटरसाइकिल से नावापारा जा रहा था। रास्ते में गडाईनबहरी शराब भट्ठी के पास लघुशंका के लिए रुके, तभी वहां मौजूद खुलेश्वर राठिया उर्फ फुलेश्वर ने बेवजह गाली-गलौज करते हुए उनके मोटरसाइकिल में रखे फावड़े से सुनील के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। घायल सुनील को तत्काल छाल अस्पताल ले जाया गयाए जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर थाना छाल में अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया।





